(2) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), direct appropriation of departmental receipts for departmental expenditure may be authorized by the Government in the following cases:—

(a) In the case of moneys received on account of the service of summonses, diet moneys of witnesses and similar purposes in Civil, Revenue and Criminal cases;

(b) In the case of deposits received at a Civil Court and utilized by the Court to meet claims or refund of such deposits;

(c) In the case of fees received by Government servants appointed Notaries Public under Notaries Act, 1952, Parliament Act No. 53 of 1952 and utilized to defray legal expenses incurred by them in the discharge of their duties as such Notaries Public;

(d) In the case of the Public Works Department to permit the use under departmental regulations of cash receipts temporarily for current works expenditure, or in every exceptional cases, for disbursement of pay and travelling allowances charges, where this course has been authorized by the Accountant General to prevent any abnormal delay in payment;

(e) In the case of cash received by the Forest Department and utilized in meeting immediate local expenditure;

(f) In the case of cash found on the persons of prisoners at the time of their admission to jail and used for repayment by Jail Superintendents under Departmental regulations of similar sums due to other prisoners on their release;

(g) In the case of moneys received from students on account of lost library books and utilized for the purchase of other books for the library;

(h) For replacement of apparatus damaged by students under training out of their caution money;

(i) In the case of receipts, realized under section 12 of the Cattle Tresspass Act, 1871, and utilized for payment and refunds due to owners of cattle under section 17 of the same Act;

(j) In the case of receipts on account of the market value of green fodder given to bullocks out of the farm produce of the Government Educational Institutions;

(k) In the case of Land Revenue assignments paid by Lambardars to assignees direct from the collection of Land Revenue when such payment is to be made under the provisions of Rules 52 and 55 of the Land Revenue Rules;

(l) In the case of remittances received from local bodies and other institutions entitled to purchase stationery against cash payments, which are to be returned to them by the State Stationery Office as being too late for supplies being made within a financial year. Provided that the authority hereby given to appropriate departmental receipts for departmental expenditure shall not be construed as authority to keep the departmental receipts and expenses defrayed therefrom outside the account of the payment into and the withdrawals from the Consolidated Fund for the State.

8. All moneys received by or deposited with a Government servant in his official capacity, other than revenues of public moneys raised or received by the Government of the State, shall be paid into the Public Account of the State.

9. (1) A Government servant may not except with the special permission of Government, deposit moneys in a bank withdrawn from the Consolidated Fund or Contingency Fund or Public Account of the State, as the case may be, under the provisions of Chapter VI of these rules.

(2) The Secretary of the Governor, may open an account in a Bank for the deposit of funds under the personal control of the Governor with the permission of the Governor.

10. The Government servants or other authorized Collecting agencies in receiving moneys on behalf of the State, granting receipts of such moneys and paying them into the Consolidated Fund or the Public Account of the State and the Treasury and the Bank in receiving moneys and granting receipts on this account shall follow such procedure as may be prescribed by the Finance Department.

CHAPTER–V

CUSTODY OF MONEYS RELATING TO OR STANDING IN THE CONSOLIDATED UNDER, THE CONTIGENCY FUND AND THE PUBLIC ACCOUNT

11. (1) The procedure for the safe custody of moneys in the hands of Government servant, or held in a Treasury shall be such as may be prescribed by the Finance Department in consultation with Accountant General.

(2) The Bank shall be responsible for the safe custody of Government moneys deposited in the Bank.

CHAPTER–VI

WITHDRAWAL OF MONEYS FROM THE CONSOLIDATED FUND OR THE CONTINGENCY FUND OR THE PUBLIC ACCOUNT

12. In this chapter withdrawal with its cognate expressions, refers to the withdrawal of funds from the Consolidated Fund or Contingency Fund or the Public Account, as the case may be, for disbursement.

13. Unless the Finance Department in consultation with Accountant General otherwise directs, in no case, moneys may be withdrawn from the Consolidated Fund or Contingency Fund or the Public Account as the case may be, without the written permission of the Treasury Officer or of an officer of the India Audit and Accounts Department authorized in this behalf by the Accountant General.

14. (1) Subject to the provisions of this chapter, a Treasury Officer may permit withdrawals for all or any of the following purposes, namely:—

(i) to pay sums due from the Government to the disbursing officer;

(ii) to provide the drawing officer with funds for meeting claims, likely to be presented against the Government in the immediate future by other Government servants or private parties;

(iii) to enable the disbursing officer to supply funds to another Government servant out of which similar claims are to be met;

(iv) To pay direct from the treasury or Bank sums due by Government to a private party;

(v) In case of a Government Officer or authority empowered to make investments of moneys standing in the Consolidated Fund or the Contingency Fund or the Public Account, as the case may be, for the purpose of such investments;

(2) Unless expressly authorized by the Accountant General, a Treasury Office shall not permit withdrawal for any purpose not specified in Clause (1) of this rule.

15. A. Treasury Officer shall not permit withdrawal to a person for any purpose, unless the claim for withdrawal is present by such person in such form, had has been satisfactorily scrutinized by the Treasury Officer in such manner as the Finance Department may prescribe. The Treasury Officer shall be responsible to ensure the validity of the claim.

16. A. Treasury Officer shall have no general authority to make payments on demands presented at the Treasury and his authority shall be limited to the making of payments authorized by or under these rules and procedure prescribed by the Finance Department and if need be by the Accountant General. If a demand of any kind is presented at a treasury for payment which is not authorized by or under these rules, the Treasury Officer shall decline to make payment for want of authority. A Treasury Officer shall have no authority to act under a general order of the Government unless there is an express order to make the payment.

17. A. Treasury Officer shall not honour a claim, which he considers to be disputable and he shall require the claimant to refer it to the Treasuries, Accounts & Lotteries Department or Finance Department or Accountant General or the Head of the Department or other responsible officer concerned or more than one of these authorities, as the case may be, through his controlling officer for clarification.

18. Except as provided in rules 19 and 20, a payment shall, unless Government by general or special order otherwise directs, be made in the district in which the claim arises. In case of doubtarisen the decision of the Finance Department shall be final.

19. Subject to any orders or procedure that may be prescribed by the Finance Department in the case of gazetted Government officer and in the department regulations in the case of non-gazetted Government servant, the leave salary of a Government servant when payable in India, shall be drawn from Treasury Officer of disbursement from which his pay was being drawn immediately before proceeding on leave and the Government servant shall make his own arrangements, where necessary, for getting his leave salary remitted to him. In a case where a period of leave is followed by transfer, such portion of the leave salary as could not be drawn at the old station may, however, be drawn at the treasury of pay of his new posting.

20. Pensions payable in India may be paid in any district or any State.

21. Entitlements of Government officials shall be worked out/determined by Head of Department or Head of Office or Drawing and Disbursing Officer or the Accountant General.

22. No withdrawal shall be permitted on a claim for the first of any series of payments in a district in respect of pay or allowances to a Government servant other than a person newly appointed to Government service, unless the claim is supported by a last pay certificate in such form as may be prescribed by the Government.

23. The Treasury Officer shall be responsible to the Government or Accountant General for acceptance of the validity of a claim against which he has permitted withdrawal.

24. The Treasury Officer shall obtain sufficient information as to the nature of every payment he is making and shall not accept a voucher which does not formally contains such sufficient information after recording reasons for non-acceptance.

25. A Government servant authorized to draw moneys by means of cheques shall notify to the Bank of the Treasury from which he draws money, the number of each cheque book brought into use and the number of cheques if contains.

26. A Government servant who is authorized by the competent authority to draw or countersign cheques or bills payable at the treasury or the Bank shall send a specimen of his signature to the Treasury Officer or the Bank, as the case may be, alongwith orders of thecompetent authority.

Note.— Specimen signatures when forwarded on a sheet of paper other than the forwarding letter must be duly attested by the officer signing the forwarding letter.

CHAPTER–VII

TRANSFER OF MONEYS STANDING IN THE CONSOLIDATED FUND, THE CONTINGENCY FUND AND THE PUBLIC ACCOUNT

27. Cash replenishment at non-banking sub-treasuries shall be done by the District Treasury concerned and shall be governed by such instructions as may be issued b by the Finance Department.

CHAPTER–VIII

RESPONSIBILITY FOR MONEY WITHDRAWN

28. If a Treasury Officer receives an intimation from the Accountant General that moneys have been incorrectly withdrawn and that a certain sum should be recovered from a drawing officer, he shall effect the recovery without delay and without regard to any correspondence undertaken or contemplated with reference to the retrenchment order; and the drawing officer shall without delay pay the sum in such manner as the Accountant General may direct.

29. (1) Subject to the provisions of these rules, the procedure to be followed by a Government servant for the disposal of moneys withdrawn from the Consolidated Fund or Contingency Fund or the Public Account, as the case may be for expenditure shall be such as may be prescribed by the Finance Department in consultation with the Accountant General, if required.

(2) A Government servant to whom funds are made available for expenditure shall be responsible for such funds until an account of these funds has been rendered to the satisfaction of the State Accountant General and shall ensure that payments are made to persons entitled to receive them.

(3) If any doubt arises to the identity of the Government servant by whom an account of such funds shall be rendered, the same shall be decided by the Government.

CHAPTER–IX

INTER-GOVERNMENT TRASNACTIONS

30. (1) Save as provided in this chapter, no transactions of the State with another Government shall be adjusted against the balance of the State, except in accordance with such directions as may be given by the Comptroller and Auditor General of India with the approval of the President, to regulate the procedure for the accounting of transactions between different Governments.

(2) Moneys presented within the jurisdiction of another Government for credit to the Consolidated Fund or the Contingency Fund or the Public Account, as he case may be, or a payment made by another Government as a withdrawal affecting the balance of the State shall not be credited or debited to the account of the State, except under express authority of the Accountant General or any other Accounting Officer authorized in this behalf by the Comptroller and Auditor General of India.

(3) All adjustments against the balance of the State by debit or credit to another Government shall be made though the Central Accounts Section of the Bank.

31. (1) The Treasury Officer may, subject to any general or specific directions of the Government in this behalf, receive or authorize the Bank to receive moneys tendered on behalf of another State in India and May, if so required by the Sate Accountant General, make or authorize payment of any claim against that State. The necessary credits or debits in respect of such receipts and payments against the balance of the State concerned shall be made by the Accountant General through the Central Accounts Section of the Bank, but until such adjustments are made, the credits and debits shall be entered in the Consolidated Fund or the Contingency Fund or the Public Account, as the case may be.

(2) Moneys paid or received in the office of the State Accountant General on behalf of another State or book entries made in the office of the State Accountant General affecting the accounts of another State shall likewise be adjusted by the Accountant General through the Central Accounts Section of the Bank against the balance of the State concerned.

CHAPTER–X

SUPPLEMENTAL

32. Nothing in these rules shall have effect so as to impede or prejudice the exercise by the Comptroller and Auditor General of the powers vested in him by or under the Constitution to make rules or to give directions regarding the submission to the Indian Audit and Accounts Department of the accounts kept in treasuries or in departmental offices, and to be accompanied by such vouchers for their support as the a Comptroller and Auditor General may require for the purposes of audit or for the purpose of keeping the accounts for which he is responsible.

33. The Finance Department may not exercise any powers conferred upon it by these rules so as to impose upon the Bank in connection with the business of the Government any responsibility not imposed upon the Bank by the terms of its agreement with the Government.

34. The detailed procedure for the implementation of these rules shall be as prescribed by the Finance Department in consultation with the Accountant General required.

35. H.P. Treasury Rules and Subsidiary Treasury Rules Volume-I issued vide Finance Department Office memo No. 12-40/68-Fin(R&E)III, dated 13.4.1971, are hereby repealed.

Provided that anything done or any action taken under the rules hereby repealed shall be deemed to have been done to taken under the corresponding provisions of these rules.

Sd/-
Secretary.

वित्त विभाग
(कोष, लेखा एवम् लाटरी)

अधिसूचना

शिमला–9, 23 जुलाई, 2007

संख्याः फिन.(टी आर)ए(3)11 / 2004.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 283 के खण्ड (2) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :–

अध्याय–1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम :––** इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश खजाना नियम, 2007 है

2. **परिभाषाएँ :––**इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''बैंक'' से भारतीय रिजर्व बैंक, या भारतीय रिजर्व बैंक का कोई कार्यालय अथवा अभिकरण अभिप्रेत है, तथा इसमें स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, युनाइटिड कमर्शियल बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, युनियन बैंक ऑफ इण्डिया, सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, और बैंक ऑफ इण्डिया तथा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 (1934 का अधिनियम संख्याक 2) के उपबंधों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के अभिकर्ता के रूप में कार्यकरने वाली भारतीय स्टेट बैंक की कोई शाखा सम्मिलित है ;

(ख) ''नियन्त्रक एवम् महालेखापरीक्षक' से भारत का नियन्त्रक एवम् लेखा परीक्षक अभिप्रेत है

(ग) 'संविधान' से भारत का संविधान अभिप्रेत है;

(घ) ''कलक्टर' से जिला के राजस्व प्रशासन का मुख्य अधिकारी अभिप्रेत है तथा इसमें सरकार द्वारा इन नियमों के प्रयोजन हेतु कलक्टर के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तत्समय प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी सम्मिलित है;

(ड.) 'राज्य की संचित निधि' से भारत के संविधान के अनुच्छेद 266 के अधीन पोषित राज्य की संचित निधि अभिप्रेत है ;

(च) 'राज्य की आकस्मिकता निधि' से भारत के संविधान के अनुच्छेद 267 के अधीन पोषित राज्य की आकस्मिकता निधि अभिप्रेत है ;

(छ) ''निदेशक'' से कोष, लेखा एवम् लाटरी विभाग हिमाचल प्रदेश का निदेशक अभिप्रेत है ;

(ज) ''वित्त विभाग' से हिमाचल प्रदेश सरकार का वित्त विभाग अभिप्रेत है ;

(झ) ''वित्त सचिव' से वित्त विभाग का प्रभारी सचिव अभिप्रेत है ;

(त्र) ''भारतीय लेखा परीक्षा एवम् लेखा विभाग' से भारत के नियन्त्रक एवम् महालेखा परीक्षा का संचालन करती है तथा राज्य सरकार के लेखों का रख रखाव करती है ;

(ट) 'राज्य लोक लेखा' से भारत के संविधान के 266 के खण्ड (2) के अधीन पोषित राज्य लोक लेखा अभिप्रेत है ;

(ठ) ''पैन्शन संवितरण प्राधिकारी' से, यथास्थिति, सम्बन्धि बैंक या खजाना अभिप्रेत है ;

(ड.) ''खजाना' से राज्य सरकार द्वारा स्थापित जिला खजाना या उपखजाना अभिप्रेत है;

(ढ) ''कोषाधिकारी'' से जिला कोषाधिकारी या खजाना या उप खजाना का प्रभारी कोषाधिकारी अभिप्रेत है ;

(ण) 'रिजर्व बैंक' से भारतीय रिजर्व बैंक अभिप्रेत है ;

(त) ''महालेखाकार' से राज्य के लेखा एवम् लेखा परीक्षा कार्यालय का प्रमुख और भारत के नियन्त्रक एवम् महालेखा परीक्षक का अधीनस्थ अभिप्रेत है, जो भारत के नियन्त्रक एवम् महालेखा परीक्षक की ओर से राज्य के लेखे रखता है तथा राज्य के लेखों की लेखा परीक्षा का संचालन करता है, और

(थ) 'राज्य एवम् सरकार' से क्रमशः राज्य एवम् हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है ।

अध्याय–2

'राज्य की संचित निधि, आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखा में विद्यमान धन की अवस्थिति

3. नियम 7 के उप नियम (2) और नियम 9 के उप नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन, यथास्थिति संचित निधि, आकस्मिकता निधि तथा लोक लेखा में विद्यमान धन या तो खजाना में रखा जाएगा या खजाना चालान के माध्यम से बैंक में रखा जाएगा । बैंक द्वारा प्राप्त सरकारी धन के लेखे सरकार की ओर से बैंक द्वारा एक बही में रखे जाऍगे और बैंक में ऐसे धन के निक्षेप भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का अधिनियम 2) की धारा 21–क के अधीन राज्य की सरकार और बैंक के मध्य किए गए करार के निबंधनों और शर्तों द्वारा विनियमित किए जाऍगे ।

अध्याय–3

'खजाना पर नियन्त्रण की साधार पद्धति'

(अ) जिला खजाने

4. (1) जब तक वित्त विभाग, महालेखाकार के परामर्श से, किसी विशेष मामले में, अन्यथा निर्देश न दें प्रत्येक जिले में एक जिला खजाना होगा । प्रत्येक जिले का खजाना दो विभागों में विभक्त होगा अर्थात खजाना अधीक्षक के भारसाधन के अधीन लेखा विभाग जिला कोषाध्यक्ष के भारसाधन के अधीन स्टाम्प, अफीम और रोकड़ विभाग (गैर बैंकिंग खजाना के मामले में)। जिला खजाना में साधारण पक्रिया, जहॉ अपेक्षित हो, ऐसी होगी, जैसी वित्त विभाग द्वारा महालेखाकार के परामर्श से विहित की गई हैं ।

(2) खजाना, कोषाधिकारी के साधारण भारसाधन के अधीन होगा, परन्तु समग्र पर्यवेक्षण निदेशक का होगा । कोषाधिकारी इन नियमों द्वारा या इनके अधीन विहित प्रक्रिया के उचित कार्यान्वयन के लिए और वित्त विभाग तथा महालेखाकार द्वारा खजाना से अपेक्षित समस्त विवरणियों को समय पर प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा । कोषाधिकारी का कर्तव्य यह देखना होगा कि समस्त रजिस्टर और अभिलेख इन नियमों तथा वित्त विभाग द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार रखे गए हैं ।

(3) खजाना में मासिक रोकड़ अतिशेष, को यदि कोई हो, ऐसी रीति में, वित्त विभाग महालेखाकार के परामर्श से विहित करें, सत्यापित और प्रमाणित करने तथा ऐसे अतिशेष के मासिक लेखे, ऐसे प्ररूप में और ऐसे सत्यापनों के पश्चात्, जैसी राज्य महालेखाकार अपेक्षा करे, प्रस्तुत करने का कर्तव्य, कोषाधिकारी का होगा । खजाना से सम्बन्धित प्ररूप और विवरणियॉ ऐसी होगी जैसी लेखा संहिता–2 में या हिमाचल प्रदेश खजाना प्रक्रिया में यथा.उपबंधित है । खजाने द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियॉ निदेशक भी, जैसा वह आवश्यक समझे, विहित कर सकेगा ।

(4) जिले के लिए जब नए जिला कोषाधिकारी की नियुक्ति होती है तो वह तुरन्त अपनी उपस्थिति की रिपोर्ट निदेशक, महालेखाकार तथा बैंक को करेगा ।

(5) खजानें के उचित प्रबन्ध और कार्यकरण के लिए कोई भी उत्तरदायित्व किसी अन्य विभाग के अधिकारियों के हाथ में नहीं रहेगा ।

(6) जिला कोषाधिकारी खजाना, लेखों, गबन लोक धन की हानि, विभागीय राजस्व या प्राप्तियों, स्टाम्पों, अफीम, स्टोर (भंडारों) या खजाने में पाई गई अन्य संपति में किसी गम्भीर अनियमितता की रिपोर्ट तुरन्त निदेशक के माध्यम से महालेखाकार को करेगा चाहे ऐसी हानि की उसके लिए उत्तरदायी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा प्रतिपूर्ति कर दी गई हो ।

(ख) उप खजाने

5. लोक कारोबार की अवश्यकता के अनुसार स्थापित उप खजानों के उचित कृत्यकरण के लिए व्यवस्था, प्रक्रिया और प्रशासन ऐसे होगे जो वित्त विभाग द्वारा और यदि आवश्यकता हो तो महालेखाकार के परामर्श से विहित किए जाऍगे । उप–खजाना में धन की प्राप्तियों एवम् संदायों के दैनिक लेखे जिला खजाना के लेखों में सम्मिलित किए जाऍगे ।

(ग) महालेखाकार का कार्यालय

6. महालेखाकार, भारत के नियन्त्रक–महालेखापरीक्षक की सहमति से और ऐसी शर्तों और परिसीमाओं के अध्यधीन जैसी उसके द्वारा विहित की जाऍ, सरकार के विरूद्ध दावों की बावत, जो संवितरण के लिए देय हो सकते हैं तथा धन जिसे सरकार के मुख्यालय में राज्य की संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा में जमा करने हेतू निविदत्त किया जा सकता है, खजाना के समस्त या किन्ही विनिर्दिष्ट कर्तव्यों का अनुपालन कर सकेगा ।

अध्याय 4

'राज्य सरकार द्वारा जुटाए गए या प्राप्त राजस्व अथवा लोक धन का संचित निधि में तथा अन्य लोक धन का लोक लेखा में संदाय'

7. (1) इस अध्याय में इसमें इसके पश्चात् यथा उपबंधित के सिवाय, सरकार के राजस्व या राज्य सरकार द्वारा जुटाए गए या प्राप्त लोक धन के कारण सरकारी कर्मचारियों द्वारा

प्राप्त या निविदत्त समस्त धन बिना असम्यक विलम्ब के पूर्णतः खजाना या बैंक में संदत्त किया जाएगा तथा राज्य की संचित निधि में सम्मिलित किया जाएगा । यथा पूर्वोक्त प्राप्त धन विभागीय व्यय को पूरा करने के लिए विनियोजित नहीं किया जाएग न ही अन्यथा संचित निधि से पृथक रखा जाएगा । सरकार के किसी भी विभाग को संचित निधि से बाहर किसी भी धन को रखने हेतु अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(2) उप नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, विभागीय व्यय के लिए विभागीय प्राप्तियों का सीधा विनियोजन सरकार द्वारा निम्नलिखित मामलों में प्राधिकृत किया जा सकता है:–

(क) सिविल, राजस्व और आपराधिक मामलों में समनों की तामील, साक्षियों के आहार धन तथा समरूप प्रयोजनों के कारण प्राप्त धन के मामले में;

(ख) सिविल न्यायालय में प्राप्त निक्षेपों और न्यायालय द्वारा ऐसे निक्षेपों का दावों के प्रतिदाय को पूरा करने के लिए उपयोग किए जाने के मामले में;

(ग) नोटरी अधिनियम, 1952 (1952 का संसद अधिनियम संख्याक 53) के अधीन नियुक्त नोटरी पब्लिक से सरकारी कर्मचारियों द्वारा प्राप्त फीस तथा उनके द्वारा नोटरी पब्लिक के रूप में अपने कर्तव्य के निर्वहन में उपगत विधिक व्ययों को अदा करने के मामले में ;

(घ) लोक निर्माण विभाग के मामले में विभागीय विनियमों के अधीन अस्थाई रूप से रोकड़ प्राप्तियों का चालू कार्य व्यय के लिए या बहुत असाधारण मामलों में, जहॉ संदाय में असामान्य विलम्ब के निवारण हेतु महालेखाकार द्वारा यह प्रक्रिया प्राधिकृत की गई है, वेतन और यात्रा भत्ते प्रभारों के संवितरण के प्रयोग हेतु अनुज्ञात करना;

(ड.) वन विभाग द्वारा प्राप्त तथा तत्काल स्थानीय व्यय का पूरा करने में उपयोग में लाए गए रोकड़ के मामले में;

(च) जेल में कैदियों के प्रवेश के समय उनके पास पाए गए और विभागीय विनियमों के अधीन जेल अधीक्षकों द्वारा अन्य कैदियों को उनके छोड़े जाने पर देय समरूप राशि के प्रतिसंदाय हेतु प्रयुक्त रोकड़ के मामले में ;

(छ) छात्रों से खोई हुई पुस्तकालय की पुस्तकों के कारण प्राप्त और पुस्तकालय के लिए अन्य पुस्तकों के क्रय हेतु उपयोग किए गए धन के मामले में ;

(ज) प्रशिक्षणाधीन छात्रों द्वारा क्षतिग्रस्त यंत्र के उनके अवधान द्रव्य में से प्रतिस्थापन हेतु ;

(झ) पशु अतिचार अधिनियम 1871 की धारा 12 के अधीन वसूल की गई और उसी अधिनियम की धारा 17 के अधीन पशुओं के स्वामियों को देय संदयों और प्रतिदायों के लिए उपयोग की गई प्राप्तियों के मामले में,

(त्र) सरकारी शिक्षण संस्थानों के कृषि उत्पाद में से बैलों को दिए गए हरे चारे के बाजार मूल्य के कारण प्राप्तियों के मामले में ;

(ट) लम्बरदारों द्वारा भू–राजस्व संग्रहण से सीधे समनुदेशितियों को संदत भू–राजस्व समनुदेशनों के मामले में, जब भू–राजस्व नियमों के नियम 52 और 55 के उपबंधों के अधीन ऐसा संदाय किया जाना है ;

(ठ) रोकड़ संदाय के विरूद्ध लेखन सामग्री क्रय करने हेतु हकदार स्थानीय निकायों का अन्य संस्थानों से प्राप्त विप्रेशणादेशों के मामले में जिसे राज्य लेखन सामग्री विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष के भीतर की जाने वाली आपूर्तिया के लिए बहुत देर होने के कारण उन्हें वापिस किया जाना है ;

परन्तु एतद् द्वारा विभागीय व्ययों हेतु विभागीय प्राप्तियों को विनियोजित करने के लिए दिए गए प्राधिकार का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि यह विभागीय प्राप्तियों को रखने और उनमें से राज्य की संचित निधि में संदाय करने और उसमें से प्रत्याहरणों के लेखें से बाहर व्यय चुकाने के लिए है ।

8. राज्य सरकार द्वारा जुटाए गए या प्राप्त राजस्व या लोक धन से अन्यथा सरकारी कर्मचारी द्वारा अपनी पदीय हैसियत में प्राप्त और निक्षिप्त समस्त धन राज्य के लोक लेखा में संदत किया जाएगा ।

9. (1) इन नियमों के अध्याय 6 के उपबंधों के अधीन सरकारी कर्मचारी, यथास्थिति, राज्य की संचित निधि या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा से प्रत्याहृत धन का सरकार की विशेष अनुज्ञा के सिवाय, बैंक में निक्षेप नहीं कर सकेगा ।

(2) राज्यपाल का सचिव, राज्यपाल की अनुज्ञा से, राज्यपाल के वैयक्तिक नियंत्रण के अधीन निधियों के निक्षेप हेतु बैंक में खाता खोल सकेगा ।

10. राज्य की ओर से धन प्राप्त करने वाले, ऐसे धन की रसीद प्रदान करने वाले और उनका राज्य की संचित निधि में या लोक लेखा में संदाय करने वाले सरकारी कर्मचारी या अन्य स्रंग्रहण करने वाले प्राधिकृत अभिकरण तथा इस मद्दे धन प्राप्त करने वाले और रसीद प्रदान करने वाले खजाना और बैंक ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेंगे जैसी वित्त विभाग द्वारा विहित की जाए ।

अध्याय – 5

संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा से संबन्धित या उसमें जमा (रखे) धन की अभिरक्षा

11. (1) सरकारी कर्मचारी के पास या खजाना में धारित धन की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए प्रक्रिया ऐसी होगी जैसी वित्त विभाग द्वारा महालेखाकार के परामर्श से विहित की जाए ।

(2) बैंक में निक्षिप्त सरकारी धन की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए बैंक जिम्मेवार होगा ।

अध्याय–6

संचित निधि या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा से धन का प्रत्याहरण

12. इस अध्याय में प्रत्याहरण इसके सजातीय पदों सहित, यथास्थिति, संचित निधि या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा से संवितरण हेतु निधियों के प्रत्याहरण को निर्दिष्ट करता है ।

13. जब तक वित्त विभाग महालेखाकार के परामर्श से अन्यथा निदेश न दे, धन, यथास्थिति, संचित निधि या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा से किसी भी दशा में, कोषाधिकारी या इस निमित महालेखाकार द्वारा प्राधिकृत भारतीय लेखा परीक्षक और लेखा विभाग के अधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना प्रत्याहृत नहीं किया जा सकेगा ।

14. (1) इस अध्याय के उपबंधों के अध्यधीन, कोषाधिकारी निम्नलिखित समस्त या किन्हीं प्रयोजनों के लिए प्रत्याहरण अनुज्ञात कर सकेगा, अर्थातः—

(I) सरकार से देय राशियों का संवितरण अधि।कारी को संदाय करने के लिए ।

(II) अन्य सरकारी कर्मचारियों या प्राईवेट पक्षकारों द्वारा निकट भविश्य में सामान्यतः सरकार के विरूद्ध प्रस्तुत किए जाने वाले दावों की पूर्ति हेतु आहरण अधिकारी को निधियॉ उपलब्ध कराने के लिए,

(III) संवितरण अधिकारी, को अन्य सरकारी कर्मचारी को निधियों, जिसमें से समरूप दावों की पूर्ति की जा सके, की आपूर्ति करने हेतु समर्थ बनाने के लिए,

(IV) सरकार द्वारा प्राईवेट पक्षकार को देय राशियों का खजाना या बैंक से सीधे संदाय करना ।

(V) यथास्थिति संचित निधि या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा में रखे धन का विनिधान करने हेतु सशक्त सरकारी अधिकारी या, प्राधिकारी की दशा में ऐसे विनिधानों के प्रयोजन के लिए,

(2) कोषाधिकारी इस नियम के खण्ड (1) में विनिर्दिष्ट नहीं किए गए कियी प्रयोजन हेतु तब तक प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं करेगा जब तक कि महालेखाकार द्वारा अभिव्यक्त रूप से प्राधिकृत न किया गया हो ।

15. कोषाधिकारी किसी व्यक्ति को किसी भी प्रयोजन हेतु प्रत्याहरण के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं करेगा जब तक ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रत्याहरण हेतु दावा ऐसे प्ररूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है, और कोषाधिकारी द्वारा समाधानप्रद रूप से ऐसी रीति में संवीक्षा न की गई हो जैसी वित्त विभाग द्वारा विहित की जाए । कोषाधिकारी दावे की विधिमान्यता सुनिचित करने के लिए जिम्मेवार होगा ।

16. कोषाधिकारी को, खजाने में उपस्थापित (प्रस्तुत) मॉगों पर संदाय करने का कोई साधरण प्राधिकार नहीं होगा और उसका प्राधिकार इन नियमों और वित्त विभाग, और यदि आवश्यकता हो तो महालेखाकार द्वारा विहित प्रक्रिया द्वारा प्राधिकृत या इनके अधीन संदाय करने तक ही सीमित होगा । यदि खजाने में संदाय हेतु किसी प्रकार की मॉग उपस्थपित (प्रस्तुत) की जाती है जो इन नियमों द्वारा या इनके अधीन प्राधिकृत नहीं है, तो कोषाधिकारी प्राधिकार के अभाव में संदाय करने से इंकार करेगा । जब तक संदाय करने का अभिव्यक्त आदेश न हो, कोषाधिकारी को सरकार के साधारण आदेश के अधीन कार्य करने का कोई प्राधिकार नहीं होगा

17. कोषाधिकारी ऐसे दावे को स्वीकार नहीं करेगा जिसे वह विवादग्रस्त समझता है और वह दावेदार से अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से इसे, स्पष्टीकरण हेतु यथास्थिति, खजाना, लेखा और लॉटरी विभाग या वित्त विभाग या महालेखाकार या विभागाध्यक्ष या अन्य सम्बन्धित जिम्मेवार अधिकारी या इन प्राधिकारियों में एक से अधिक को निर्दिष्ट करने की अपेक्षा करेगा ।

18. नियम 19 और 20 में यथा उपबंधित के सिवाय, जब तक सरकार साधारण या विशेष आदेश द्वारा अन्यथा निर्देश न दें, जिस जिले में दावा उदभूत होता है, वहीं संदाय किया जाएगा । जिस जिले में दावा उदभूत हुआ है, उसके संबंध में संदेह की दशा में वित्त विभाग का विनिश्यम अंतिम होगा ।

19. राजपत्रित सरकारी अधिकारी की दशा में किन्हीं आदेशों या प्रक्रिया जो वित्त विभाग सरकार द्वारा विहित किए जाऍ और अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी की दशा में विभागीय विनियमों के

अध्यधीन सरकारी कर्मचारी का अवकाश वेतन जब भारत में संदय हो, तो संवितरण के उस खजाना कार्यालय से लिया जाएगा जिससे उसका वेतन अवकाश पर जाने से ठीक पूर्व लिया जा रहा था तथा सरकारी कर्मचारी, जहॉ आवश्यक हो, अपना अवकाश वेतन उसे प्रेषित करवाने के लिए स्वयं व्यवस्था करेगा । ऐसी दशा में जहॉ अवकाश की अवधि का अनुसरण स्थानान्तरण (अंतरण) द्वारा होता है, अवकाश वेतन का ऐसा भाग जो पुराने स्थान पर नहीं लिया जा सका हो, तथापि उसकी नई तैनाती स्थान के खजाने या वेतन संवितरण के कार्यालय से लिया जा सकेगा ।

20. भारत में संदेय पैन्शनें किसी भी जिले में या किसी राज्य में संदत की जा सकती है ।

21. सरकारी कर्मचारियों की हकदारियॉ विभागाध्यक्ष या कार्यालय के प्रधान या आहरण एवं सवितरण अधिकारी या महालेखाकार द्वारा सुस्पष्ट की जाएगी ।

22. सरकारी सेवा में नव नियुक्त व्यक्ति से अन्यथा सरकारी कर्मचारी के वेतन या भत्तों की बावत जब तक दावा अंतिम वेतन प्रमाण पत्र द्वारा ऐसे प्रारूप में समर्थित न हो जैसा सरकार द्वारा विहित किया जाए तब तक जिले में दावे पर संदायों की किसी प्रथम आवली (श्रृॅखला) हेतु कोई प्रत्याहरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

23. कोषाधिकारी, सरकार या महालेखाकार के प्रति दावे, जिसके विरूद्ध उसको प्रत्याहरण के लिए अनुज्ञात किया है, की विधिमान्यता की स्वीकृति हेतु जिम्मेवार होगा ।

24. कोषाधिकारी प्रत्येक संदाय जो वह कर रहा है की प्रकृति के बारे में पर्याप्त सूचना अभिप्राप्त करेगा तथा अस्वीकृति के लिए कारण अभिलिखित करने के पश्चात ऐसे वाउचर को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें औपचारिक रूप से ऐसी पर्याप्त सूचना अन्तर्विष्ट न हो ।

25. चैकों के द्वारा धन का आहरण करने के लिए प्राधिकृत सरकारी कर्मचारी बैंक या खजाने को, जिससे वह धन का आहरण करता है, प्रयोग की जाने वाली प्रत्येक चैक बुक की संख्या तथा इसमें अन्तर्विष्ट चैकों की संख्या सूचित करेगा ।

26. कोई सरकारी कर्मचारी जो खजाना या बैंक में संदेय चैको यह बिलों का आहरण या प्रतिहस्ताक्षर करने के लिए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत है यथास्थिति, समक्ष प्राधिकारी के आदेश की प्रति सहित अपना नमूना हस्ताक्षर कोषाधिकारी या बैंक को भेजेगा ।

टिप्पणः—अग्रेष्ण पत्र के माध्यम से अन्यथा नमूना हस्ताक्षर जब साधरण पत्र में अग्रेषित मिक जाता है, तो वह अग्रेषित पत्र को हस्ताक्षरित करने वाले अधिकारी द्वारा सम्यक रूप से अवश्य सत्यापित होना चाहिए ।

अध्याय—7

संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा में जमा (रखे) धन का अंतरण

27. गैर—बैंककारी उप—खजानों में नकदी (रोकड़) की पुनः पूर्ति सम्बन्धित जिला खजाना द्वारा की जाएगी और ऐसे निर्देशों द्वारा विनियमित की जाएगी जो वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए हो ।

अनुभाग—8

प्रत्याहृत धन के लिए उत्तरदायित्व

28. यदि कोषाधिकारी, महालेखकार से कोई सूचना प्राप्त करता है कि धन का गलती से प्रत्याहरण किया गया है और व्यतिपय राशि को आहरण अधिकारी से बसूल किया जाना चाहिए तो वह

कटौती आदेश के संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार किए बिना या अनुहयात करके अविलम्ब बसूली करेगा और आहरण अधिकारी अविलम्ब राशि का उस रीति में जैसा कि महालेखाकार निदेश दे, संदाय करेगा ।

29. (1) इन नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, व्यय हेतु, यथास्थिति, संचित निधि, आकस्मिकता निधि या लोक लेखा से प्रत्याहृत राशि के व्ययन के लिए, सरकारी कर्मचारी द्वारा अनुसरण में लाई जाने वाली प्रक्रिया वैसी ही होगी जैसी वित्त विभाग द्वारा, यदि अपेक्षित हो, महालेखाकार के परामर्श से, विहीत की जाए ।

(2) कोई सरकारी कर्मचारी जिसे व्यय हेतु निधियॉ उपलब्ध करवाई गई हो, जब तक राज्य महालेखाकार के समाधान के लिए इन निधियों का लेखा नहीं दे देता, ऐसी निधियों के लिए उतरदायी होग और यह सुनिश्चित करेगा कि निधियों का भुगतान (संदाय) उनको प्राप्त करने के लिए हकदार व्यक्ति को ही किया गया है ।

(3) यदि सरकारी कर्मचारी, जिसके द्वारा ऐसी निधियों के लेखों का हिसाब दिया गया है, की पहचान के सम्बन्ध में कोई संदेह उत्पन्न होता है तो उनका विनिश्चय सरकार द्वारा किया जाएगा ।

अध्याय–9

अर्न्तसरकारी संव्यवहार

30. (1) इस अध्याय में यथा उपबन्धित के सिवाय, राष्ट्रपति के अनुमोदन से भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा, विभिन्न सरकारों के मध्य संव्यवहारों का लेखा देने की प्रक्रिया को विनियमित करने के लिए दिए जाने वाले निदेशों के अनुसार के सिवाय राज्य के अतिशेष के विरूद्ध, राज्य का कोई संवयवहार किसी अन्य (दूसरी) सरकार के साथ समायोजित नहीं किया जाएगा ।

(2) किसी अन्य (दूसरी) सरकार की अधिकारिता में यथास्थिति, संचित निधि या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा में जमा करने हेतु उपस्थापित(प्रस्तुत) धन या किसी अन्य (दूसरी) सरकार द्वारा राज्य के अतिशेष को प्रभावित करते हुए प्रत्याहरण के रूप में किया गया भुगतान, इस निमित, भारत के नियन्त्रक एवम् महालेखा परीक्षक द्वारा प्राधिकृत महालेखकार या किसी अन्य लेखाधिकारी के स्पष्ट प्राधिकार के अधीन के सिवाय, राज्य के लेखें में जमा या विकलित नहीं किया जाएगा ।

(3) किसी अन्य (दूसरी) सरकार में विकलन या जमा द्वारा राज्य के अतिशेष के विरूद्ध समस्त समायोजन बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग के माध्यम से किये जाऍगे ।

31. (1) कोषाधिकारी, इस निमित सरकार के किसी साधारण या विर्निदिष्ट निर्देशों के अध्यधीन, भारत में अन्य राज्य की ओर से निविदत धन को ग्रहण कर सकेगा या बैंक को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा, और यदि महालेखाकार द्वारा ऐसा अपेक्षित हो, तो उस राज्य के विरूद्ध किसी दावे का संदाय कर सकेगा या संदाय प्राधिकृत कर सकेगा । सम्बन्धित राज्य के अतिशेष के विरूद्ध ऐसी प्राप्तियों और संदायों की बावत आवश्यक जमा या विकलन, महालेखकार द्वारा बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग के माध्यम से किया जाएगा, परन्तु जब तक ऐसे समायोजन नहीं हो जाते, जमा और विकलन, यथास्थि।ति, संचित निधि, या आकस्मिकता निधि या लोक लेखा में प्रविष्ट किया जाएगा ।

(2) किसी अन्य राज्य की ओर से महालेखाकार के कार्यालय में संदत या प्राप्त धन या अन्य राज्य के लेखों को प्रभावित करते हुए महालेखाकार के कार्यालय में की गई बही

प्रविष्टियॉ, सम्बन्धित राज्य के अतिशेष के विरूद्ध, महालेखकार द्वारा बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग के माध्यम से उसी प्रकार समायोजित की जाएगी ।

अध्याय–10

अनुपूरक

32. भारत के नियन्त्रक और महालेखा परीक्षक पर इन नियमों का तथा इन नियमों के अन्तर्गत निर्धारित मानदण्डों का उनमें निहित शक्तियों के प्रयोग पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव या बाधा उत्पन्न नहीं होगी । संविधान के अन्तर्गत उन्हें कोषों या विभागीय कार्यालयों में रखे लेखों को भारत के लेखा परीक्षा एवम लेखा विभाग को प्रस्तुत करने का निर्देश देने तथा नियम बनाने का अधिकार प्राप्त है । भारत के नियन्त्रक एवम् महा लेखापरीक्षक अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए ऐसे वाउचर (बीजक) जो लेखों के सत्यापन में सहायक है, उन्हें लेखा परीक्षा या लेखों की जॉच पड़ताल के लिए मॉग सकते हैं ।

33. वित्त विभाग इन नियमों द्वारा इसे प्रदत किन्हीं शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकेगा ताकि वह सरकार से इसके करार के निबधनों द्वारा सरकार के कारबार के संबद्ध में बैंक पर अधिरोपित नहीं किए गए किसी दायित्व को बैंक पर अधिरोपित कर सके ।

34. इन नियमों के क्रियान्यवन हेतु विस्तृत प्रक्रिया ऐसी होगी जो वित्त विभाग द्वारा, जहॉ कहीं अपेक्षित हो, महालेखाकार के परामर्श से, विहित की जाए ।

35. वित्त विभाग कार्यालय ज्ञापन संख्या 12–40 / 68–वित्त–(आर0एव0ई0)–III तारीख 13–4–1971 द्वारा जारी हिमाचल प्रदेश ट्रेजरी रूल्ज और सबसिडयरि ट्रेजरी रूल्ज वाल्यूम I का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है :

परन्तु यह कि एतद्द्वारा निरसित ऐसे नियमों के अधीन की गई कोई बात या कार्रवाही, इन नियमों के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गई समझी जाएगी ।

हस्ता / –
सचिव ।

———

[*Authoritative English text of this Department Notification No. 12-4/74-Fin. (T&A–VII dated 29-8-2007 as required under Clause (3) Article 348 of the Constitution of India*].

FINANCE DEPARTMENT

(*Treasuries, Accounts & Lotteries*)

NOTIFICATION

Shimla-9, the 29 August, 2007

No. 12-4/74-Fin. (T&A)VII.—In exercise of the powers conferred by proviso to Article309 of the Constitution of India, the Governor, Himachal Pradesh, in consultationwith the Himachal Pradesh Public Service Commission, is pleased to make the following Rules further to amend the Finance Department, Treasuries, Accounts & Lotteries, Himachal Pradesh, Treasury Officer Class-II, (Gazetted) Recruitment and Promotion Rules, 1996 notified vide this Department

Notification No. 12-4/74-Fin(T&A) dated 5.8.1996 and amended vide Notification No. 12-4/74-Fin(T&A)VII dated 17-8-2005 & 23-12-2006, namely:—

1. *Short title and Commencement.*—(i) These rules may be called the Finance Department, Treasuries, Accounts & Lotteries, Himachal Pradesh Treasury Officer Class-II (Gazetted) Recruitment and Promotion (Third Amendment) Rules, 2007.

(ii) These Rules shall be deemed to have come into force *w.e.f.* 1-1-1996.

Amendment of Column-4.— 2. In Col. 4 of the Finance Department, Treasuries, Accounts & Lotteries, Himachal Pradesh, Treasury Officers Class-II(Gazetted) Recruitment and Promotion Rules, 1996 for the existing provision the following shall be substitute namely:—

"Rs.7000-220-8100-275-10300-340-10980."

Sd/–,
Secretary .

नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला–5 द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित